कार्यालय अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर

पत्र सं0: 614 / शैक्षिक / 2022 दिनांकः 23 / 09 / 2022

समस्त विभागाध्यक्ष / अधिष्ठातागण / परीक्षा नियंत्रक
एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

विषयः विश्वविद्यालय के सभी पाठ्यक्रमों में सेमेस्टर के प्रत्येक विषय के 50 सेशनल अंको में टीचर्स एसेसमेन्ट (TA) हेतु नियत 20 अंको के निर्धारण के सम्बन्ध में।

अवगत हों कि विश्वविद्यालय के सभी पाठ्यक्रमों में सेमेस्टर के प्रत्येक विषय के 50 अंकों के सेशनल अंकों हेतु मूल्यांकन पद्धति में दी गई व्यवस्था के अनुसार पूर्णतया थ्यौरी कोर्स हेतु मिड सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए 30 अंक नियत किये गये है जबकि थ्यौरी के साथ लेबोरेटोरी कोर्स हेतु मिड सेमेस्टर परीक्षा एवं लेबोरटोरी परीक्षा के लिए क्रमशः 15–15 अंक नियत किये गये है। टीचर्स एसेसमेन्ट (TA) के लिए 20 अंको का प्रावधान किया गया है।

टीचर्स एसेसमेन्ट के 20 अंको के आकलन की पारदर्शिता के दृष्टिगत प्रक्रिया निम्नवत् होगी :

1.	Assignment (at least five)	:	10 अंक
2.	Quiz	:	5 अंक
3.	Participation in Lecture / Lab. classess	:	5 अंक

टीचर्स एसेसमेंट (TA) के 20 अंको के आंकलन हेतु यह प्रक्रिया वर्तमान सत्र 2022–23 से ही प्रभावी मानी जायेगी।

सभी विभागाध्यक्षों से यह अपेक्षा है कि इस सम्बन्ध में अपने अधीन सभी शिक्षकों को अवगत कराये तथा सभी शिक्षक 20 अंको के आकलन का सम्पूर्ण ब्यौरा तथा छात्र–छात्राओं से प्राप्त एसाइनमेन्ट, क्विज की कापियाँ अपने स्तर से संरक्षित रखना सुनिश्चित करें।

24.09.2022
(डा0 आनन्द कुमार)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण को इस अनुरोध के साथ कि यह सूचना सभी छात्रावासों के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करायें।
2. कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
3. मा0 कुलपति के संज्ञानार्थ।